


दैनिक

# फाईट अगेंस्ट क्रिमिनल







वर्ष : ०८ | अंक:१९७ | मुंबई, बुधवार २० नवंबर २०२४ | RNI. No. : MAHHIN/2016/71734 | पृष्ठ-४ | मूल्य २/रू.


# नोट जेहाद में जुटी बीजेपी

# कांग्रेस और उद्धव ठाकरे ने भाजपा को घेरा

## विरार में 'कैश फॉर वोट' का खुलासा: क्या लोकतंत्र की नींव हिल रही है?



**विरार में हुआ कैस कांड बीजेपी के नेता विनोद तावडे को वसई विरार में आना किया बैन**





■ सईद शेख

मुंबई - महाराष्ट्र के विरार विधानसभा क्षेत्र में बहुजन विकास आघाड़ी (बविआ) के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने बीजेपी नेता विनोद तावड़े पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उन्होंने मतदान से पहले पैसे बांटने की कोशिश की। तावड़े के पास से एक बैग और कुछ डायरियां बरामद होने का दावा किया गया है, जिनमें कई नामों के सामने रकम दर्ज है। यह मामला अब न केवल राज्य बल्कि राष्ट्रीय राजनीति का केंद्र बन गया है।

### राहुल गांधी का सवाल: 'जनता का पैसा लूटकर किसे फायदा पहुंचा रहे हैं?'



इस प्रकरण पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा निशाना साधा। उन्होंने एक वीडियो ट्वीट किया जिसमें बविआ कार्यकर्ताओं को बैग से निकले पैसे दिखाते हुए देखा जा सकता है। राहुल ने प्रधानमंत्री से तीखे सवाल पूछते हुए कहा, 'मोदीजी, ये 5 करोड़ रुपये किसकी तिजोरी से निकले? जनता का पैसा लूटकर आपको किसने टेम्पो से भेजा?'

प्रधानमंत्री के 'एक है तो सेफ है' के नारे पर राहुल ने कटाक्ष करते हुए कहा कि 'सेफ' अब तिजोरी ही नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार का प्रतीक बन गया है।

**चुनावी खरीद-फरोख्त: लोकतंत्र के लिए गंभीर चुनौती**

इस घटना ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि चुनावी प्रक्रिया में पैसों के बढ़ते दखल का लोकतंत्र पर क्या प्रभाव पड़ रहा है। विशेषज्ञ मानते हैं कि अगर इस तरह के आरोप सही साबित होते हैं, तो यह न केवल आचार संहिता का उल्लंघन है, बल्कि देश की लोकतांत्रिक प्रणाली के लिए गहरी चिंता का विषय भी है। चुनावों में पैसे बांटने की प्रवृत्ति लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों पर प्रहार करती है। यह न केवल निष्पक्षता को कमजोर करता है, बल्कि जनता और राजनीतिक नेतृत्व के बीच विश्वास को भी आघात पहुंचाता है। ऐसे मामलों में चुनाव आयोग की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

**राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर**

इस घटना ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के माहौल को और गरमा दिया है। बीजेपी ने इस मामले पर अब तक कोई विस्तृत बयान नहीं दिया है, जबकि विपक्ष इसे सत्तारूढ़ दल की नैतिकता पर सवाल खड़े करने का अवसर मान रहा है। प्रधानमंत्री मोदी पर तंज कसते हुए राहुल गांधी ने इस मामले को भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग से जोड़ दिया है।

**चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल**

अब सवाल उठता है कि चुनाव आयोग इस मामले पर कितनी सख्ती से कार्रवाई करेगा। चुनावी सुधारों की दिशा में यह जरूरी है कि इस तरह के आरोपों की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों को सजा मिले।

**निष्पक्ष चुनाव: जनता की जिम्मेदारी**

इस घटना ने यह भी दिखाया है कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए जनता को जागरूक और सतर्क रहना होगा। पैसे या किसी अन्य प्रलोभन के बदले वोट देना न केवल उनके अधिकारों का हनन है, बल्कि यह लोकतंत्र के खिलाफ भी है।


## बीएमसी ने 20,000 अवैध बैनर, विज्ञापन बोर्ड और पोस्टर हटाए



**मुंबई :** मुंबई बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने सोमवार को बॉम्बे हाईकोर्ट को बताया कि उसने पिछले महीने चलाए गए विशेष अभियान के दौरान लगभग 20,000 अवैध बैनर, विज्ञापन बोर्ड और पोस्टर हटाए हैं। बीएमसी ने विशेष अभियान में 20,000 अवैध होर्डिंग हटाए अदालत के समक्ष दायर हलफनामे में, नगर निकाय ने खुलासा किया कि अवैध होर्डिंग में से 7,500 राजनीतिक थे, जबकि लगभग 8,200 धार्मिक प्रकृति के थे।बीएमसी ने कहा कि मुंबई के सभी 24 नगरपालिका वार्डों को सार्वजनिक स्थानों पर अनधिकृत प्रदर्शनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। हलफनामे में पुनरावृत्ति को रोकने के उपायों पर भी प्रकाश डाला गया है, जिसमें प्रत्येक वार्ड में प्रिंटिंग प्रेस का निरीक्षण भी शामिल है। प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को निर्देश दिया गया है कि वे बिना पूर्व अनुमति के राजनीतिक होर्डिंग न बनाएं।

इसके अतिरिक्त, विज्ञापनदाताओं को बेहतर ट्रैकिंग और प्रवर्तन के लिए अधिकृत होर्डिंग पर क्यूआर कोड शामिल करने के लिए कहा गया है। जनता की भागीदारी बढ़ाने के लिए, बीएमसी ने अवैध होर्डिंग से संबंधित शिकायतों को संभालने के लिए एक शिकायत अधिकारी नियुक्त किया है। नागरिक आपले सरकार पोर्टल या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## 17 मिनट में वाटर टैक्सी से मुंबई से नवी मुंबई एयरपोर्ट




मुंबई: केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि प्रस्तावित वाटर टैक्सी सेवा से लोग मुंबई में कहीं से भी आगामी नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक 17 मिनट में पहुंच सकेंगे. इससे यात्रा का समय कम होगा. सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री रविवार रात महाराष्ट्र के ठाणे शहर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही.

उन्होंने मुंबई तथा ठाणे में संपर्क में बदलाव लाने और यातायात की भीड़भाड़ को कम करने के मकसद से सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं को रेखांकित किया. राज्य में 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है. नवी मुंबई में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का परिचालन मार्च 2025 में शुरू होने की उम्मीद है. गडकरी ने कहा कि प्रस्तावित वाटर टैक्सी सेवा शुरू होने पर यात्रियों को मुंबई के किसी भी हिस्से से नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक पहुंचने में 'केवल 17 मिनट' लगेंगे. मंत्री ने कहा कि इस पहल का समर्थन करने के लिए हवाई अड्डे के पास 'जेटी' का निर्माण पहले ही किया जा चुका है. उन्होंने कहा, '' मुंबई और ठाणे के आसपास के विशाल समुद्री मार्गों का इस्तेमाल कर हम यातायात की भीड़ और वायु प्रदूषण को काफी हद तक कम कर सकते हैं.''

## आपसी गैंगवार भी हो सकती', कैश कांड पर उद्धव ठाकरे ने भाजपा को घेरा

महाराष्ट्र में मतदान से एक दिन पहले पैसे बांटने का मामला सामने आया है। भाजपा नेता विनोद तावड़े पर पैसा बांटने का आरोप लगा है। मामले की चुनाव आयोग से शिकायत के बाद आचार संहिता उल्लंघन के आरोप मे तावड़े के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।



बहुजन विकास अघाड़ी के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पांच करोड़ रुपये बांटने के लिए लाए गए थे। हालांकि भाजपा नेता विनोद तावड़े ने सभी आरोपों को खारिज कर दिया है। आरोप है कि बैग में एक डायरी मिली है। इसमें पूरा लेखा-जोखा है।

आपसी गैंगवार भी हो सकती: ठाकरे

अब शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सभी सबूतों के आधार पर कार्रवाई होनी चाहिए। अन्यथा मुझे पूरा भरोसा है कि महाराष्ट्र अपनी तरफ से कार्रवाई करेगा। उद्धव ठाकरे ने यह कहा कि यह उनके बीच में शायद आपसी गैंगवार भी हो सकती है

उद्धव का कटाक्ष- बांटेंगे और जीतेंगे

भाजपा महासचिव विनोद तावड़े पर बहुजन विकास अघाड़ी ने पालघर में मतदाताओं को पैसे बांटने का आरोप लगाया। विनोद तावड़े और भाजपा ने आरोपों को

## बारामती में पैसे बांटने की शिकायत, EC की टीम ने नटराज नाट्यमंदिर और शरयू टोयोटा की जांच की

**बारामती:** महाराष्ट्र में नोट के बदले वोट कांड के बवाल के बीच पुणे से बड़ी खबर सामने आई है। बारामती विधानसभा सीट में पैसे बांटने का आरोप लगा है। बारामती के जिलाधिकारी और चुनाव रिटर्निंग ऑफिसर वैभव नावडकर के मुताबिक, बारामती में पैसे बांटने की शिकायतें मिली थीं। इसके चलते सोमवार रात युगेंद्र पवार के स्वामित्व वाले शरयू टोयोटा शोरूम और नटराज नाट्यमंदिर पर छापेमारी की गई। इसके अध्यक्ष अजित पवार के करीबी सहयोगी किरण गुजर हैं। अधिकारियों ने बताया है कि दोनों जगहों पर कुछ नहीं मिला।

**बारामती में ग्राम पंचायत स्तर का चुनाव**

बारामती में पहली बार विधानसभा का चुनाव




ग्राम पंचायत स्तर पर हो रहा है। इस चुनाव को गांवों और समूहों में बांटा गया है।

## महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री अनिल देशमुख की कार पर पथराव, सिर पर लगी चोट के बाद अस्पताल में भर्ती




महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की वोटिंग के लिए जब कुछ ही घंटे बचे हैं, तो नागपुर से बड़ी खबर सामने आई है। नागपुर के काटोल में पूर्व गृह मंत्री और एनसीपी शरद पवार गुट के नेता अनिल देशमुख की कार पर पथराव किया गया। इस हमले में अनिल देशमुख घायल हो गए। उन्हें काटोल के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अनिल देशमुख ने बीजेपी कार्यकर्ताओं पर हमले का आरोप लगाया है। घटना का वीडियो भी शरद पवार गुट की एनसीपी ने जारी किया है। इस हमले से राजनीतिक गलियारों में हड़कंप मच गया है।

कब की है घटना?

जानकारी के मुताबिक, काटोल विधानसभा क्षेत्र में चुनाव नजदीक आ रहा है। अनिल देशमुख सोमवार को एनसीपी उम्मीदवार सलिल देशमुख के लिए प्रचार करने नरखेड़ गए थे। यहां बैठक के बाद देशमुख कार से वापस काटोल आने लगे। जलालखेड़ा रोड पर बेलफाटा के पास स्पीड लिमिट पर उनकी कार धीमी हो गई। इसका फायदा उठाकर मुंह पर कपड़ा बांधे तीन-चार आदमी वहां आ गए। उन्होंने कार पर पथराव किया।

अनिल देशमुख के सिर में लगी चोट

अचानक हुए हमले में अनिल देशमुख के सिर पर चोट लगी। हमला होते ही देशमुख की कार के पीछे दूसरी कार से कार्यकर्ता कार से बाहर निकल आए। उन्हें देखते ही पथराव करने वाले मैदान से दूर भाग गए। घायल देशमुख को काटोल के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी मिलने पर काटोल पुलिस टीम वहां पहुंची। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने पथराव करने वालों की तलाश शुरू कर दी। सांसद सुप्रिया सुले ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि जिसने भी अनिल देशमुख पर हमला किया उसे तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो सुप्रिया सुले ने चेतावनी दी है कि मैं खुद सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करूंगी। प्रदेश में कानून-व्यवस्था के लिए बदहाल है।


SHABBIR MEMON (DIRECTOR) 9892488825. TEL: 022 6780894

MEMON REALTORS

Builder & Devloper PVT. LTD.

Shop No. 1 to 5, Bldg,. No . 2 Next Ahuja Bulding R.M. Road, Oshiwara, Jogeshwari(W), Mumbai - 400 102. memonshabbir24@gmail.com

## संपादकीय


एम.एस.शेख
संपादक

### गांव-गांव की नल-जल योजना ठेके पर देने की तैयारी

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना, जल जीवन मिशन के तहत गांव-गांव के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो। इसके लिए नल-जल योजना शुरू की गई थी। यह योजना शुरू हो पाती, इससे पहले ही इस योजना ने दम तोड़ दिया है। दरअसल नल-जल योजना को ठेके पर चलाने की बात सामने आने लगी है। केंद्र सरकार और राज्य सरकारों ने नल-जल योजना का काम ग्रामीण क्षेत्रों में, ग्राम पंचायत को तथा नगरीय क्षेत्रों में नगर पालिका और नगर निगम को सौंप रखा है। नगरीय क्षेत्र में पहले भी नगरीय संस्थाओं द्वारा पेयजल की सप्लाई की जा रही थी। इस योजना को बढ़ाकर गांव-गांव तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत, प्रत्येक गांव को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की योजना बनाई थी। इस योजना के लिए विश्व बैंक से अरबों रुपए का कर्ज लिया गया। वैश्विक सहायता भी मिल रही है। जिस तरह का दावा किया गया था। उसका 50 फ़ीसदी भी काम पूरा नहीं हो पाया। हाल ही में मध्य प्रदेश में जल जीवन योजना के तहत ग्राम पंचायत, नल-जल योजना की समीक्षा की गई। पंचायतों को संचालन और मेंटेनेंस करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। योजना का जो उद्देश्य था, वह पूरा नहीं हो पा रहा है। इस महत्वाकांक्षी योजना को पूरा करने के लिए पंचायत को निरंतर आर्थिक सहायता देने की जरूरत है। आर्थिक सहायता देने के नाम पर केंद्र सरकार और राज्य सरकारों ने पल्ला झाड़ लिया है। ग्राम पंचायत अपने सीमित आर्थिक संसाधन में इतनी महंगी योजना का संचालन करने में असमर्थ है। 4 साल के अंदर ही मध्य प्रदेश के गांवों में नल-जल योजना के तहत पेयजल उपलब्ध कराने में तरह-तरह की कठिनाइयां देखने को मिल रही हैं। प्रमुख रूप से आर्थिक कठिनाई के साथ-साथ मेंटेनेंस को लेकर कई समस्याओं का सामना ग्राम पंचायतों को करना पड़ रहा है। मध्य प्रदेश के पीएचई विभाग द्वारा अब नल-जल योजना को निजी ऑपरेटर के द्वारा संचालित करने के लिए एक योजना तैयार की जा रही है। मध्य प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव ने पीएचई विभाग से ठोस प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया है। मध्य प्रदेश के 27150 ग्राम नल-जल योजना से जोड़े गए हैं। पिछले 4 वर्षों में इसमें से केवल 12500 गांव तक ही यह योजना पहुंच सकी है। केंद्र एवं राज्य सरकारें यह दावा करती हैं, कि यह योजना हर घर तक पहुंच गई है। लेकिन अभी भी मध्य प्रदेश के ही 15000 से ज्यादा गांव के लोगों के घरों में पेयजल कनेक्शन नहीं हो पाए हैं।

# वर्सोवा विधानसभा में भारती लव्हेकर हैट्रिक की ओर अग्रसर

**एम.एस. शेख**

**मुंबई,** वर्सोवा, पश्चिम उपनगर का एक प्रमुख विधानसभा क्षेत्र, इस बार कड़ी चुनावी टक्कर का गवाह बनने जा रहा है। 2008 में अस्तित्व में आए इस क्षेत्र में मराठी, मुस्लिम, और गुजराती जैसी मिश्रित आबादी निवास करती है। पिछले कुछ वर्षों में यह क्षेत्र भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का गढ़ बन चुका है। 2009 में कांग्रेस के बलदेव खोसा ने यहां जीत दर्ज की थी। लेकिन इसके बाद, 2014 और 2019 के विधानसभा चुनावों में भाजपा की भारती लव्हेकर ने लगातार दो बार जीत हासिल कर अपनी स्थिति मजबूत की। इस बार भी भाजपा ने वर्तमान विधायक भारती लव्हेकर पर भरोसा जताते हुए उन्हें प्रत्याशी बनाया है।

वहीं, शिवसेना (ठाकरे गुट) ने इस बार हारुन खान को मैदान में उतारा है। लेकिन शिवसेना के ही राजू पेडणेकर ने बागी तेवर दिखाते हुए निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है, जिससे ठाकरे गुट के लिए मुश्किलें खड़ी हो गई हैं। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने भी संदेश देसाई को चुनावी रण में उतारा है।



## वोट विभाजन से हो सकता है भाजपा को फायदा

*इस क्षेत्र में मुस्लिम मतदाताओं की महत्वपूर्ण संख्या को देखते हुए एआईएमआईएम ने प्रसिद्ध बिल्डर रईस लश्करिया को उम्मीदवार बनाया है। मुस्लिम मतदाताओं का झुकाव रईस लश्करिया की ओर देखा जा रहा है। हालांकि, ठाकरे गुट ने भी मुस्लिम उम्मीदवार हारुन खान को मैदान में उतारा है, जिससे मुस्लिम वोटों का विभाजन तय माना जा रहा है। इस वोट विभाजन का सीधा फायदा भाजपा की भारती लव्हेकर को मिल सकता है। वर्सोवा में भाजपा की मजबूत पकड़ और महायुति के अन्य दलों के साथ वोट ट्रांसफर के समीकरण लव्हेकर के पक्ष में काम कर सकते हैं।*

विश्लेषकों का मानना है कि मुकाबला मुख्य रूप से भारती लव्हेकर और रईस लश्करिया के बीच है। लेकिन क्षेत्र की जनता के बीच अपनी लोकप्रियता और पिछले कार्यकाल के विकास कार्यों के चलते भारती लव्हेकर तीसरी बार जीत की ओर अग्रसर हैं।

यह चुनाव उनकी हैट्रिक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो सकता है।




## कालीचरण के 'हिंदुत्व तोड़ने वाले राक्षस' वाले बयान के बाद मनोज जारांगे पाटिल का करारा जवाब; कहा, '...'

स्वयंभू महाराज कालीचरण ने छत्रपति संभाजी नगर में आयोजित एक धार्मिक सभा में मराठा आरक्षण के लिए आंदोलन कर रहे मनोज जारांगे पाटिल के खिलाफ विवादास्पद टिप्पणी की थी। उन्होंने बिना नाम लिए मराठा आरक्षण के नेता के तौर पर मनोज जारांगे पाटिल का जिक्र किया. उनकी विवादित टिप्पणी के बाद गुस्सा जाहिर किया जा रहा है. चूंकि उक्त बयान मराठवाड़ा में ही दिया गया था, इसलिए यहां का माहौल गरमा गया है. इसके बाद संजय शिरसाट, जिनके निर्वाचन क्षेत्र में उक्त कार्यक्रम हुआ था, ने इस पर अपनी राय व्यक्त की है और कालीचरण की टिप्पणी से अपना पल्ला झाड़ लिया है.




**संजय शिरसाट ने क्या कहा?:** संजय शिरसाट ने कहा, मेरे विधानसभा क्षेत्र में कालीचरण द्वारा की गई बैठक से मेरा कोई लेना-देना नहीं है. मैं उनसे नहीं मिला हूं और न ही वहां मेरा कोई बैनर लगा है।' लेकिन बैठक से मेरा नाम जुड़ने से गलतफहमी पैदा हो रही है.' जारांगे पाटिल और मेरा घनिष्ठ संबंध है। हम पहले दिन से ही उनके आंदोलन में उनका समर्थन कर रहे हैं। अगर मराठा समाज में गलतफहमी हुई तो इसके बुरे परिणाम होंगे. मुझे इसकी जानकारी है.

**जिद करने से कोई संत नहीं बन जाता- जारांगे पाटिल**

इस बीच, कालीचरण के बयान पर मनोज जारांगे पाटिल ने भी प्रतिक्रिया दी है. एक न्यूज चैनल से बातचीत में उन्होंने कहा, मैं साधु-संतों का सम्मान करता हूं। साथ ही छत्रपति शिवाजी महाराज को हिंदू धर्म मानते हैं. जो लोग मेरे बारे में बात कर रहे हैं, उन्हें बात करने दीजिए. क्योंकि हमें उन लोगों के बारे में बात नहीं करनी चाहिए जिन्होंने एक पार्टी से अनुबंध किया है।' छत्रपति शिवाजी महाराज ने साधु-संतों का सम्मान करना सिखाया है। हम जिस हिंदू धर्म से संबंध रखते हैं, उसमें मराठा समुदाय सबसे कट्टर वर्ग है। लेकिन यह समाज आज संकट में है.

**मराठा कट्टर हिंदू:** 'हम आरक्षण मांगते हैं, इसका मतलब है कि हम जातिवाद नहीं करते हैं। हम हिंदू हैं. लेकिन गरीबों के बच्चों को आरक्षण नहीं दिया जाता है. वकाडी टिकली लावे खुद को धर्म का रक्षक मानते हैं। लेकिन धर्म की असली संरक्षक तो जनता ही है.

## बाल-बाल बची कश्मीरा



'जाको राखे साइयां मार सके न कोय।' कहावत कश्मीरा शाह के मामले में शत-प्रतिशत सच साबित हुई। खैर, रियलिटी कुकिंग शो 'लाफ्टर शेफ्स' में पति कृष्णा अभिषेक के साथ नजर आनेवाल् ाी कश्मीरा शाह पर अमेरिका के एक मॉल में अचानक शीशा गिर जाने से वो घायल हो गई हैं। इस हादसे में कश्मीरा को काफी चोटें आईं और खून से सने टिश्यू पेपर्स और तौलिए की तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए उन्होंने ईश्वर का शुक्रिया अदा करते हुए लिखा, 'शुक्रिया भगवान, मुझे बचाने के लिए। बेहद डरावना एक्सीडेंट था। कुछ बड़ा होनेवाला था, छोटे में निकल गया। आशा है अब कुछ डरावना नहीं होगा। हर दिन का हर लम्हा जियो। वापस आने का इंतजार नहीं कर सकती। आज वाकई अपने परिवार को याद कर रही हूं।' कश्मीरा ने इस बात की जानकारी जैसे ही फैंस के साथ शेयर की कृष्णा अभिषेक ने कमेंट करते हुए लिखा, 'भगवान का शुक्र है कि अब आप सुरक्षित हैं।' कश्मीरा की दोस्त तनाज ईरानी ने लिखा, 'हे भगवान, यह डरावना है! मुझे उम्मीद है कि अब आप ठीक हैं।' खैर, कृष्णा अभिषेक ने इस हादसे के बारे में बात करते हुए कहा, कश्मीरा का एक्सीडेंट काफी गंभीर था, लेकिन अब उनकी हालत में सुधार हो रहा है। कृष्णा ने बताया कि कश्मीरा मॉल में थीं जब अचानक शीशे का एक टुकड़ा उनके ऊपर गिरा। इसके कारण उनका काफी खून बह गया था और वह बात नहीं कर पा रही थीं। कृष्णा ने आगे कहा कि कश्मीरा को तुरंत अस्पताल भेजा गया और अब वह सुरक्षित हैं, जो उनके लिए सबसे अहम था।

## टी20 में बुमराह की बराबरी पर है शम्सी

भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अभी विश्व के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक माने जाते हैं। बुमराह के सभी प्रारुपों में काफी अच्छे आंकड़े हैं और कठिन हालातों में विकेट निकालने में वह माहिर माने जाते हैं। वहीं अगर रिकार्ड की बात करें तो टी20 प्रारुप में एक गेंदबाज उनकी बराबरी पर हैं और उन्हें कड़ी टक्कर भी दे रहे हैं। यह गेंदबाज और कोई नहीं दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर तबरेज शम्सी हैं। शम्सी ने बुमराह के बराबर ही मैच खेल ` हैं और दोनों के ना केवल विकेट बराबर हैं, बल्कि दोनों ने गेंदें भी बराबर ही फेंकी हैं। शम्सी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया , ' हैरानी की बात है कि बुमराह और मैंने एक बराबर टी20आई मैच खेले हैं। दोनों ने एक बराबर गेंदें फेंकी हैं और एक बराबर विकेट भी लिए हैं। क्या गजब बात है।' बुमराह ने 70 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। उन्होंने इन मैचों में 1509 गेंदें फेंकी हैं और 89 विकेट लिए हैं। वहीं स्पिनर शम्सी ने भी 70 टी20आई मैच में 1509 गेंद फेंककर 89 विकेट ही लिए हैं। बुमराह आजकल ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हैं और 22 नवंबर से होने वाले पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में अपने रिकार्ड को और बेहतर करेंगे। उन्होंने अब तक 40 टेस्ट मैच खेले हैं जिसमें 173 विकेट लिए हैं। वहीं एकदिवसीय मैचों में उनके नाम 89 मैच में 149 विकेट हैं जबकि तबरेज शम्सी ने दो टेस्ट में 6 और 51 एकदिवसीय में 72 विकेट हैं।



# बडनेरा विधानसभा में त्रिकोणीय मुकाबले के बीच किसका होगा विजय तिलक ?







### दलित और मुस्लिम वोटों का रुख बदलता दिखा

पिछले 15 वर्षों से रवी राणा को दलित और मुस्लिम मतदाताओं का समर्थन मिलता आया है। लेकिन इस बार यह वोट बैंक प्रीति बंड की ओर खिसकता नजर आ रहा है, जो रवी राणा के लिए एक बड़ा झटका साबित हो सकता है।

**सुनिल इंगोले**

**अमरावती-** महाराष्ट्र की राजनीति में इस बार बडनेरा विधानसभा क्षेत्र पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। यहां युवा स्वाभिमान पार्टी के अध्यक्ष रवी राणा, जो तीन बार निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जीत दर्ज कर चुके हैं, इस बार भाजपा के साथ गठबंधन में महायुती के आधिकारिक उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरे हैं। हालांकि, भाजपा के कुछ स्थानीय नेता इस फैसले से नाराज हैं, क्योंकि पार्टी ने अपने निष्ठावान कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर बाहरी उम्मीदवार को टिकट दिया है।

भाजपा के नाराज नेता तुषार भारतीय ने बागी उम्मीदवार के रूप में चुनावी मैदान में उतरकर चुनौती पेश की है। उनके पीछे भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ताओं और परंपरागत वोटरों का समर्थन है। सूत्रों के अनुसार, पर्दे के पीछे भाजपा की कुछ इकाइयां भी तुषार भारतीय के पक्ष में काम कर रही हैं। इसका सीधा नुकसान रवी राणा को होने की संभावना है। दूसरी ओर, महाविकास आघाड़ी ने शिवसेना (ठाकरे गुट) के सुनील खराटे को उम्मीदवार बनाया है। लेकिन यह फैसला अप्रत्याशित रूप से होने के कारण दिवंगत नेता संजय बंड की पत्नी प्रीति बंड ने भी बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला किया है। प्रचार अभियान के दौरान प्रीति बंड को जनता का जबरदस्त समर्थन मिलता दिखा है। उनके पास अपने समुदाय के साथ-साथ मुस्लिम और दलित मतदाताओं का भी समर्थन है। जिसके चलते रवी राणा का विजय मार्ग

बडनेरा विधानसभा क्षेत्र में अब मुख्य मुकाबला रवी राणा, तुषार भारतीय और प्रीति बंड के बीच त्रिकोणीय हो गया है। बागी उम्मीदवारों की मजबूत स्थिति के कारण रवी राणा के लिए चौथी बार जीत का रास्ता मुश्किल नजर आ रहा है। आज मतदान हो रहा है, जहां मतदाता अपने अमूल्य वोट डालकर प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। त्रिकोणीय मुकाबले के बीच हर उम्मीदवार ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। अब यह देखना होगा कि जनता किसके पक्ष में जनादेश देती है और कौन सा नाम मतपेटियों में बंद होकर 23 नवंबर को विजयी घोषित कर किसके नाम पर विजय का सेहरा बंधेगा।

## समता नगर पुलिस ने अपहरण करने और लोन से संबंधित बकाया राशि वसूलने के लिए हमला करने के आरोप में छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया

मुंबईः समता नगर पुलिस ने 27 वर्षीय एक व्यक्ति का कथित तौर पर अपहरण करने और लोन से संबंधित बकाया राशि वसूलने के लिए उस पर हमला करने के आरोप में छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीड़ित विनय चौरसिया ने अपने दोस्त के रिश्तेदारों से 2.50 लाख रुपये नकद लिए थे और उन्हें आश्वासन दिया था कि वह उनके लिए होम लोन दिलवा देगा। हालांकि, लोन स्वीकृत नहीं हुआ और दोस्त के रिश्तेदारों ने अपने पैसे वापस मांगे। 17 नवंबर को, वे कथित तौर पर उसके घर पहुंचे, उसके साथ मारपीट की और उसे जबरन उठाकर बंधक बना लिया। एफआईआर के अनुसार, चौरसिया कांदिवली ईस्ट में रहता है और एक निजी कंपनी के लिए ऑडिट करता है। उसके दोस्त लक्ष्मी ठाकुर की मां पूनम ठाकुर और बहन सीमा झा होम लोन की मांग कर रही थीं और उन्होंने चौरसिया से संपर्क किया। उसने उन्हें आश्वासन दिया




कि वह उनके लिए लोन दिलवा देगा और ऑनलाइन ट्रांसफर के जरिए पैसे स्वीकार कर लिए। 24 अक्टूबर को बैंक ने लोन आवेदन खारिज कर दिया। जब पूनम और सीमा ने अपने पैसे वापस मांगे, तो चौरसिया ने समय मांगा।

17 नवंबर को सुबह 4.17 बजे पूनम और सीमा अपने साथियों के साथ कथित तौर पर उसके घर के बाहर पहुंची और उसके साथ गाली-गलौज की। डरे हुए चौरसिया बाथरूम में छिप गए। जब उनकी मां ने दरवाजा खोला तो आरोपी जबरन घर में घुस गए और घर के सामान को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने बाथरूम का दरवाजा भी तोड़ दिया, कथित तौर पर उसके साथ मारपीट की और उसे जबरन स्कूटर पर कांदिवली ईस्ट के ठाकुर कॉम्प्लेक्स में ले गए, जहां उन्होंने कथित तौर पर उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट जारी रखी। बाद में, वे उसे ऑटो-रिक्शा में बिठाकर ठाणे के काशीमीरा रोड स्थित दिव्य पैलेस होटल ले गए, जहां उन्होंने उसे एक कमरे में बंधक बनाकर रखा।

## कैश कांड के बीच महाराष्ट्र में फिर पकड़ी गई नकदी, नासिक के होटल में मिले 1.98 करोड़ रुपये

एएनआई, नासिक। महाराष्ट्र में कैश कांड के बाद सियासी हंगामा मचा है। इस बीच नासिक के एक होटल से 1.98 करोड़ रुपये की नकदी बरामद की गई है। नासिक के जिला मजिस्ट्रेट जलज शर्मा ने कहा, ' 1.98 करोड़ रुपये जब्त किए गए हैं। व्यय पर्यवेक्षक और टीम आगे की कार्रवाई कर रही है।' बता दें कि इससे पहले 12 नवंबर को नवी मुंबई के नेरुल के सेक्टर 16 में स्थित एक मकान से लगभग ढाई करोड़ रुपये जब्त किए गए थे।

चुनाव आचार संहिता के दौरान 50 हजार से अधिक नकदी होने पर व्यक्ति को वैध दस्तावेज रखना जरूरी होता है। सोमवार की शाम ही महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार थम चुका है। 20 नवंबर यानी बुधवार को प्रदेश की सभी 288 विधानसभा सीटों पर एक साथ मतदान होगा। मुख्य मुकाबला सत्तारुढ़ महायुति और विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी के बीच है

## दो बार लव और की मैरिज, फिर दो पत्नियों की डिमांड पूरी करने के लिए बन गया चोर, मुंबई का अतीक गिरफ्तार

मालाड पुलिस ने एक ऐसे चोर को गिरफ्तार किया है। इस चोर ने चोरी करने के पीछे का कहानी बताई तो हर कोई हैरान था। दो पत्नियों की दैनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए यह शख्स चोर बना। उसने कहा कि वह अपनी पत्नियों से बेइंतहा प्यार करता है। उनकी डिमांड पूरी करने के लिए वह चोरी करने लगा। यहां तक की पत्नी के लिए उसने साथियों के साथ गिरोह बनाकर छोटे अपराध भी अंजाम दिए। 41 वर्षीय इस आरोपी का नाम मोहम्मद कासिम शेख उर्फ अतीक है। इसके खिलाफ एक दो नहीं बल्कि चोरी के अब तक 14 से अधिक मामले दर्ज होने की जानकारी मिली हैं।



**मुंबई के पुलिस स्टेशनों में केस**

पुलिस ने अतीक के पास से चोरी के 18 फोन जब्त किए हैं। पुलिस की जांच में पाया गया कि अतीक के खिलाफ मालाड, मरीन ड्राइव, कोलाबा, खार, बांद्रा और ठाणे के नौपाड़ा और डोंबिवली समेत कई पुलिस स्टेशनों में पंद्रह से अधिक मामले दर्ज हैं।

**दो बार लव और मैरिज**

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच में पता चला कि अतीक ने दो शादियां की हैं। वह दोनों पत्नियों से बेहद प्यार करता है लेकिन बेरोजगार होने के कारण दोनों पत्नियों की दैनिक जरूरतों को पूरा करने में वह असमर्थ था। इसलिए उसने चोरी करने का फैसला किया और मोबाइल, पर्स आदि चोरी करने लगा। अतीक की गिरफ्तारी से चोरी के चार मामले पुलिस ने अब तक सुलझा लिए हैं।

## प्रचार पोस्टर में मोदी और देवेंद्र फडणवीस, महाराष्ट्र में वोटिंग से पहले बीजेपी ने दिया संदेश!

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार सोमवार को थम गया। 20 नवंबर को मतदान होगा। राज्य में सत्ता की लड़ाई दो दलों महायुति और महा विकास अघाड़ी के बीच है। महायित में अजित पवार की एनसीपी, एकनाथ शिंदे वाली शिवसेना और बीजेपी शामिल है। फिलहाल महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ही हैं। चुनाव बंटवारे के पहले से महायुति में तमाम खटपट की खबरें सामने आईं। अब एक पोस्टर सामने आया है। जिसमें सिर्फ बीजेपी के दो चेहरे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर के कई मायने निकाले जा रहे हैं।

महाराष्ट्र में बीजेपी ने चुनाव प्रचार के दौरान कई विज्ञापन निकाले। बीजेपी के निकाले गए कुछ विज्ञापन ऐसे थे, जिसमें महायुति गठबंधन की दो पार्टियों एनसीपी और शिवसेना के मेन चेहरे गायब थे। मतलब इनमें न तो अजित पवार नजर आ रहे थे न ही एकनाथ शिंदे।

महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री कौन?

महाराष्ट्र में बीजेपी गठबंधन के दोनों दलों को साथ लेकर तो चल रही है लेकिन कहीं न कहीं अलग प्लानिंग कर रही है। सूत्रों ने कहा कि बीजेपी ने मजबूरी में एकनाथ शिंदे को महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनाया था, अब महाराष्ट्र चुनाव का रिजल्ट तय करेगा कि कौन मुख्यमंत्री बनेगा। फिलहाल अलग बीजेपी मजबूती से जीतती है तो संभव है कि वह एकनाथ शिंदे और अजित पवार को साइडलाइन करके महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बीजेपी के किसी नेता का बनाए। इसमें भी मुख्य चेहरे देवेंद्र फडणवीस ही हैं।









यह दैनिक मालक, मुद्रक, प्रकाशक - मोहम्मद सईद अकबर अली शेख द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, युनिट नं. 4- ग्राऊंड फ्लोर, एन के. इंडस्ट्रियल इस्टेट, ऑफ आरे रोड, नीयर प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट, गेट नं. 2, गोरेगांव पूर्व, मुंबई 400 063 से छपवाकर, रूम नं. ३६१, जाकिर अली चॉल, स्कॉटर कॉलोनी, जोगेश्वरी (पूर्व),मुंबई ४०० ०६० से प्रकाशित. संपादक - मोहम्मद सईद अकबर अली शेख मो.: ९९३००२६९४२ / ९९३००२६९४३
कार्यकारी संपादक - विक्रम सेन email -fightagainstcriminal2016@gmail.com RNI. No. : MAHHIN/2016/71734 सभी पद अवैतनिक है, (विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मुंबई होगा)